

# अक्षय तृतीया, देवउठनी ग्यारस एवं बंसत पंचमी पर होंगे विवाह सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 29 मार्च।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के क्रियान्वयन हेतु शासन स्तर से वार्षिक चक्रीय क्रम में सामुहिक विवाहों के आयोजन के लिए तिथियों का निर्धारण किया गया है।

उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्रीमती शशिकिरण इक्का ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल 2026 को समस्त निकायों अर्थात सभी जनपद पंचायतो एवं नगरपालिकाओं द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

इसके अलावा देवउठनी ग्यारस (तुलसी विवाह) के अवसर पर 20 नवंबर 2026 तथा बंसत पंचमी के अवसर पर 11 फरवरी 2027 को सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किये जायेगे। उक्त तिथियों में योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभिभावक अपने आवेदन संबंधित निकायों में जमा करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट स्थित सामाजिक न्याय विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विदेश में अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति योजना

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 29 मार्च।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश में अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्रदान किया जाता है। उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती शशिकिरण इक्का ने बताया कि इस योजना में लाभ लेने के लिए आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। इसके साथ ही दिव्यांगता का प्रतिशत 40 से अधिक होना चाहिए। इसके अंतर्गत शोध उपाधि उपरांत अध्ययन हेतु संबंधित स्नातकोत्तर परीक्षा में प्रथम श्रेणी अथवा 60 प्रतिशत अंक या उसके समतुल्य की श्रेणी एवं संबंधित क्षेत्र में अनुभव के साथ शोध उपाधि होना चाहिए। शोध उपाधि हेतु संबंधित स्नातकोत्तर परीक्षा में प्रथम श्रेणी अथवा 60 प्रतिशत अंक या उसके समतुल्य श्रेणी एवं संबंधित क्षेत्र में दो वर्ष का अध्यापन, शोध, व्यायसायिक अनुभव, एम फिल उपाधि होना आवश्यक है। विदेश में स्नातकोत्तर उपाधि के लिए आवेदक का स्नातक में प्रथम श्रेणी अथवा 60 प्रतिशत अंक या उसके समतुल्य ग्रेड होना चाहिए, साथ ही स्पर्श पोर्टल पर नाम अंकित होना चाहिए। इसके लिए आवेदन जनपद पंचायत अथवा सामाजिक न्याय विभाग के जिला कार्यालय में प्रदाय किये जा सकते है।

# फसल विविधिकरण पर दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 29 मार्च।** अखिल भारतीय समन्वित कृषि प्रणाली अनुसंधान परियोजना कृषि महाविधालय इंदौर द्वारा पायलट प्रोजेक्ट-फसल विविधिकरण के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण (28-29 मार्च) एसएडीओ कार्यालय, श्योपुर में आयोजित किया गया।



प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य श्योपुर जिले में फसल विविधता को बढ़ावा देना है, एक ही प्रकार की फसलों के उत्पादन से पर्यावरण, मिट्टी एवं जैव-विविधता को होने वाले नुकसान के बारे मे बताते हुए फसल चक्र के बारे मे जानकारी प्रदान की गयी, इसके साथ ही धान का रकबा कम कर के अन्य फसले लगाने के बारे में बताया गया और साथ ही जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, समन्वित कृषि प्रणाली, नरवाई-पराली, ग्रीष्मकालीन मौसम में किये जाने वाले कार्यों के बारे में विभिन्न अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डॉ लखन सिंह, डॉ सीबीएस. जाटव, डॉ. युसी शर्मा, शरद रघुवंशी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विजय सेन एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सहभागिता की गई।

## एक नजर में

### दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताडित कर मारपीट की

**श्योपुर, 29 मार्च।** थाना म.थान दहेज हेतु प्रताडित किया फरिया. राधे पत्नी सोनू मीणा उम्र 21 साल नि. ग्राम मेवाडा थाना मानपुर श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 02.11.22 से 26.03.26 स्थाना ग्राम मेवाडा आरोपीगण, सोनू पुत्र चन्द्रमोहन मीणा, चन्द्रमोहन मीणा, सुमित्रा बाई पत्नी चन्द्रभान नि.गण ग्राम भटवारा थाना मांगरोल जिला बांरा (राज.) ने फरिया. को दहेज हेतु शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताडित कर मारपीट कर घर से निकाल दिया एवं दहेज मे 10 लाख रुपये की मांग की । दि. 27.03.26 के 16.09 बजे अप. क्र. 03/26 धारा 85 बीएनएस दहेज एक्ट कायम कर लिया है।

### कूड़ा फेंकने की बात पर मारपीट

**श्योपुर, 29 मार्च।** थाना बडौदा मारपीट फरि. पूरन पुत्र मोती आदिवासी उम्र 30 साल नि. हीरापुर रिपोर्ट की कि दि. 26.03.26 के 19.00 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर हीरापुर आरोपी धीरज आदिवासी नि. सदर ने फरि. को घर के सामने कूड़ा फेंकने को मना करने की बात पर से मां बहन की गन्दी गन्दी गालियां दी मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 27.03.26 के 16.43 बजे अप. क्र. 63/26 धारा 296 (ए),115 (2),351(2) बीएनएस कायम कर लिया है।

### 50 क्वार्टर देशी मदिरा जप्त

**श्योपुर, 29 मार्च।** थाना अगरा अवैध शराब पकड़ी आरोपी शिवकांत पुत्र रामसिंह कुशवाह उम्र 18 साल नि. ग्राम पैरा कुशवाह को दि. 27.03.26 के 18.00 बजे स्थान नया अस्पताल के सामने आम रोड अगरा कब्जे से 50 क्वा. देशी मदिरा मशाला कीमती 5000/- रु. की जप्त की । दि. 27.03.26 के 19.32 बजे अप. क्र. 16/26 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया है।

### खेत में भैंस चले जाने पर से मारपीट

**श्योपुर, 29 मार्च।** थाना ढोढर मारपीट फरि. रामभरत पुत्र जयराम आदिवासी उम्र 30 साल नि. तिल्ली का डेरा का बड़ा सहराना ने रिपोर्ट की कि दि. 27.03.26 के 13.00 बजे स्थान फरि. का नीम वाला खेत ग्राम तिल्ली का डेरा आरोपी महावीर आदिवासी नि. सदर ने फरि को गेंहू के खेत में भैस चले जाने के ऊपर से मारपीट कर चोट पहुचाई एक्सरे रिपोर्ट में फैक्चर होने से अपराध पंजीबध्द किया गया । दि. 27.03.26 के 16.40 बजे अप. क्र. 25/26 धारा 115(2),392,117(2) बीएनएस कायम कर लिया है।

### जेसीबी चलाने की बात को लेकर मारपीट

**श्योपुर, 29 मार्च।** थाना देहात मारपी फरि हनुमान पुत्र भंवरलाल केवट उम्र 26 साल नि. वासोडी थाना कनवास जिला कोटा (राज.) ने रिपोर्ट की कि दि. 27.03.26 के 21.30 से 21.40 बजे स्थान साकुरली की पुलिया के पास साकुरली ननावद रोड आरोपीगण , मोहित मीणा नि. गांवडी, अभिषेक मीणा नि. उतनवाड थाना बडौदा ने फरि को जेसीबी चलाने की बात को लेकर मां बहन की गन्दी गन्दी गालियां दी मारपीट कर चोट पहुंचाई एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 28.03.26 के 00.29 बजे अप. क्र. 71/26 धारा 115(2),296(ए),351 (2),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### इलाज के दौरान एक की मृत्यु

**श्योपुर, 29 मार्च।** थाना राह मर्ग सू.क. कैलाश पुत्र कम्मू आदि उम्र 45 साल नि. वार्ड क्र. 17 कुम्हार मोहल्ला श्यो. ने बताया कि दि. 27.03.26 के 21.00 बजे स्थान पनवाड़ा फैक्ट्री के पास कराहल पर मृतक लोकेश पुत्र कैलाश आदि. उम्र 22 साल नि. वार्ड क्र. 17 कुम्हार मोहल्ला श्यो. की मृत्यु एक्सीडेन्ट में आई चोटो के कारण दौरने ईलाज. जिला अस्पताल श्यो. में हो गई । दि. 28.03.26 के 15.02 बजे मर्ग क्र. 06/26 धारा 194 बीएनएस कायम कर लिया है।

### पिकअप को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी

**श्योपुर, 29 मार्च।** थाना कोतवाली सड़क दुर्घटना फरि. अनिल पुत्र रामअवतार जाटव उम्र 18 साल नि. वार्ड क्र. 05 गैस एजेन्सी के पास श्यो. ने रिपोर्ट की कि दि. 27.03.26 के 21.00 बजे स्थान अमीपुरा की पुलिया श्यो. पर आरोपी पिकअप क्र. एमपी 07 जीए 6326 का चालक ने अपनी पिकअप को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. को टक्कर मार दी जिससे उसे चोट आई दि. 28.03.26 के 11.44 बजे अप. क्र. 92/26 धारा 281,125ए बीएनएस कायम कर लिया है।

### उधारी के पैसे मांगने की बात को लेकर गालियां दी

**श्योपुर, 29 मार्च।** थाना कोतवाली मारपीट फरि. इमरान पुत्र मुन्ना कुरेशी उम्र 45 साल नि. बड़ा इमामवाड़ा श्यो. ने रिपोर्ट की कि दि. 27.03.26 के 15.15 बजे स्थान फरि. की दुकान के सामने पुल दरबाजा के पास श्यो. पर आरोपीगण, शकीर उर्फ बल्लू पेन्टर मुस., अजीम डेन्टर मुस. नि. गण. भैसपाड़ा 3. रफीक उर्फ गुड्डू मेवाती नि. मण्डी के पीछे इसलामपुरा श्यो. द्वारा आरोपीगणों से अपने उधारी के पैसे मांगने की बात को लेकर मां बहन की गंदी - गंदी गालियां दी जान से मारने की धमकी दी। दि. 28.03.26 के 15.20 अप. क्र. 93/26 धारा 296बी, 351,3 (5) बीएनएस कायम कर लिया है।

### वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी

**श्योपुर, 29 मार्च।** थाना मानपुर सड़क दुर्घटना में मृत्यु फरि. विनोद आदि. पुत्र जसराम आदि. उम्र 25 साल नि. ग्राम भूखारी थाना आवदा ने रिपोर्ट की कि दि. 27.03.26 के 19:45 बजे स्थान श्यो. सवाई माधोपुर रोड़ चम्बल नदी पुल के पास सामरसा पर आरोपी अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. की मो.सा. में टक्कर मार दी जिसमें फरि स्वयं व उसका साला दिलखुश व उसका लड़का विवेक घायल हो गये जहां जिला अस्पताल में घायल विवेक को मृत घोषिक बताया दि. 28.03.26 के 09.32 बजे अप. क्र. 44/26 धारा 106(1),281,125 (ए) बीएनएस कायम कर लिया है।

### 07 लीटर कच्ची शराब जप्त

**श्योपुर, 29 मार्च।** थाना आवदा 07 ली. कच्ची शराब पकड़ी आरोपी जोधाराम पुत्र लक्ष्मीनारायण बंजारा उम्र 35 साल नि. ग्राम बूरबाड़ा को दि. 28.03.26 के 11.33 बजे स्थान बस स्टैण्ड बछेरी तिराहा ग्राम आवदा के कब्जे से 07 ली. कच्ची शराब कीमती 700/- रू. की जप्त की । दि. 28.03.26 के 13.42 बजे अप. क्र. 28/26 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया है।








# रक्तदान शिविर आयोजित, 37 यूनिट रक्त संग्रहित

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 29 मार्च।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ श्योपुर द्वारा रविवार को मोहन जी की बगीची के पास स्थित चिंताहरण हनुमानजी मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा भावना का परिचय दिया।

शिविर का शुभारंभ विकासखंड श्योपुर के अध्यक्ष, राष्ट्रपति स्काउट मदन गर्ग द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु प्रजापति ने की।

इस अवसर पर जिला आयुक्त रेंजर सुश्री रीना प्रजापति एवं जिला सचिव रोशन लाल गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर की संपूर्ण व्यवस्थाएँ कोऑर्डिनेटर एवं विकासखंड श्योपुर के कोषाध्यक्ष नरोत्तम प्रजापति द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की गईं।

शिविर में कुल 37 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ उल्लेखनीय है कि मोहन जी की बगीची के पास यह पहला रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 22 युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर एक नई मिसाल पेश की।

इसके अलावा जिला सचिव रोशन लाल गर्ग ने 36वीं बार, जिला कोषाध्यक्ष पवन गोयल ने 16वीं बार, जिला आयुक्त रेंजर सुश्री रीना प्रजापति ने 8वीं बार, विकासखंड कोषाध्यक्ष नरोत्तम प्रजापति ने 8वीं बार तथा रोवर रंजीत सिंह ने 5वीं बार रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोवर सूरज कुशवाहा, रोवर जतिन शिवहरे, रोवर यशू प्रजापति, रोवर गोविंद प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अतिथियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की।



## सुर संगम बसेरा का म्यूजिकल कार्यक्रम

**ग्वालियर।** आज रात्रि सुर संगम बसेरा म्यूजिकल कार्यक्रम सुखसागर होटल में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं पूर्व जेल डायरेक्टर गुरुमुख करोसिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। म्यूजिकल ग्रुप ने इस कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति दी। करोसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यक्रम को शानदार तरीके से आयोजित किया गया। सभी संगीत, गीतकारों ने गुरुमुख करोसिया का स्वागत सम्मान किया।

# हनुमान जयंती पर विशाल भजन संध्या ओर सम्मान समारोह होगा

नवभारत न्यूज

**सबलगढ़, 29 मार्च।** सबलगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जावरोल में हनुमान जयंती पर विशाल भजन संध्या ओर सम्मान समारोह आयोजित किया गया है जिसमें पूर्व मंत्री रामनिवास रावत विधायक सरला बृजेंद्र रावत पूर्व मंत्री सुरेश राठखेड़ा उपस्थिति रहेंगे

**भजन गायक ओर बाबू गप्पी देंगे प्रस्तुति**




जावरोल ग्राम पंचायत के सरपंच सौरभ रावत द्वारा बताया गया है कि जावरोल गांव में खार वाले हनुमान जी का प्राचीन मंदिर है हनुमान जयंती 2 अप्रैल को खार वाले हनुमान मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें हास्य कलाकार बाबू गप्पी सिंगर अनिल रावत सिंगर काजल हाथरसी ओर रानू गोयल सांवरिया अपनी प्रस्तुति देंगे भजन संध्या का कार्यक्रम शाम सात बजे से किया जाएगा कार्यक्रम के बाद अतिथियों का सम्मान समारोह भी रखा गया है खार वाले हनुमान जी मंदिर के प्रति लोगों में एक अटूट आस्था ओर विश्वास है।

# देपुर पूछरी गांव पर मीनेश भगवान की प्रतिमा स्थापित हुई

नवभारत न्यूज

**सबलगढ़, 29 मार्च।** सबलगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत देपुर पूछरी गांव के सामने जजेस कॉलोनी के पास प्रशासन द्वारा रावत समाज द्वारा मीनेश भगवान की प्रतिमा स्थापित की गई थी वह

**रावत समाज ने विधि विधान से पूजा अर्चना की**

जमीन हाउसिंग बोर्ड की बताई गई थी और हाईकोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन के निर्देश पर सबलगढ़ प्रशासन द्वारा 22 मार्च को मीनेश भगवान की प्रतिमा को उस जमीन पर से हटाकर थाने में रख बा दिया था इसकी वजह से रावत समाज द्वारा 24 मार्च को देपुर पूछरी पर आंदोलन किया गया था और प्रशासन को सात दिवस का समय समय दिया गया था मीणा समाज के





प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री रामनिवास रावत एवं अन्य रावत समाज के द्वारा कलेक्टर लोकेश कुमार जागिड़ से जमीन उपलब्ध कराकर प्रतिमा पुन: स्थापित करने के लिए आवेदन दिया गया था उधर क्षेत्रीय विधायक सरला बृजेंद्र रावत द्वारा भी मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र भोपाल में जमीन आवंटन के लिए सोपा गया था 30 मार्च को रावत समाज के वरिष्ठ एवम् कांग्रेस नेता कमल सिंह रावत ने विशाल आमसभा के लिए गांव गांव जाकर लोगों को सूचित किया जिसमें पूर्व मंत्री रामनिवास रावत विधायक सरला बृजेंद्र रावत राजस्थान के क्रांतिकारी नेता नरेश मीणा पूर्व विधायक सुमावली सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू भाग लेने वाले थे परंतु विशाल आमसभा ओर आंदोलन को देखते हुए प्रशासन द्वारा हाउसिंग बोर्ड के बगल से राजस्व की जमीन देने की बात कही गई ओर आंदोलन से एक दिन पहले ही रावत समाज द्वारा देपुर पूछरी गांव पर विधि विधान से चबूतरा बनाकर उस पर मीनेश भगवान की प्रतिमा स्थापित कर दी गई प्रतिमा स्थापित करने पर मीणा समाज के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह रावत कमल सिंह रावत पूर्व मंत्री रामनिवास रावत के पुत्र अनिरुद्ध सिंह रावत एड बीर सिंह रावत सौरभ रावत राजेंद्र रावत सुमेर रावत आदि अनेक लोग उपस्थित रहे मीणा समाज द्वारा 30 मार्च का आन्दोलन भी निरस्त कर दिया गया है जिससे प्रशासन ने भी चैन की सांस ली है

## 30 मार्च को परीक्षाएं यथावत संचालित होगी

**श्योपुर, 29 मार्च।** जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा जारी किये गये निर्देशो के अनुसार यूनिवर्सिटी अंतर्गत सभी कॉलेजों में 30 मार्च को विभिन्न विषयों की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समयानुसार यथावत संचालित रहेगी। इस संबंध में महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि जिले के सभी कॉलेजों में सोमवार 30 मार्च को परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समयानुसार आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि 30 मार्च को सभी विद्यार्थी अपने-अपने विषय से सबंधित टाईम टेबिल अनुसार परीक्षा में निर्धारित समय पर शामिल रहें।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/प) संभाग गुना (म.प्र.)

### निविदा विज्ञप्ति सूचना क्र. 15/2025-26 दिनांक 24.03.2026

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/प) संभाग गुना के अंतर्गत निम्नांकित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से वेबसाइट https://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें एवं अन्य अभिलेख टेण्डर प्रपत्र के साथ संलग्न है। जिन्हे वेबसाइट से डाउनलोड कर देखा जा सकता है। कार्य का विवरण एवं ऑनलाइन टेण्डर क्रय करने बिड सबमिशन करने का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | जिले का नाम | कार्य का प्रकार | ऑनलाइन टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनुमानित | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने अवधि | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुना | मार्ग अनुरक्षण | 2025_PWDRB_493796_1 | लोक निर्माण विभाग उपखण्ड गुना के अंतर्गतव्हीआईपी प्रोग्राम हेतु हेलीपेड निर्माण, बेरिकेटिंग एवं मार्ग पर मुरमीकरण/बिटुमन का कार्य | प्रथम | 19.50 | 39000.00 | 2000.00 | 31.03.2027 | आवश्यकता नही केवल टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध करावें (https://mptenders.gov.in) |
| 2. | गुना | भवन अनुरक्षण | 2025_PWDRB_493797_1 | विशेष मरम्मत कार्य शासकीय आवासगृह एच-8 (बी) अशोकनगर रोड केन्ट गुना | प्रथम | 4.20 | 8400.00 | 2000.00 | 02माह वर्षाकाल सहित | --तदेव-- |
| 3. | गुना | मार्ग अनुरक्षण | 2025_PWDRB_493798_1 | बी.टी. रिनुवल कार्य भूराचक उकावद मार्ग लंबाई 2.50 किमी | चतुर्थ | 23.88 | 47760.00 | 5000.00 | 01 माह वर्षाकाल छोड़कर | -तदेव- |

उपरोक्त निविदायें वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर दि.01.04.2026 से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 15.04.2026 को समय 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग गुना

G-27968/25